हिसार –पीलाबंगी सड़क पर कुछ दुघर्टनाओं की सूचना मिली हैं । निधियों के अभाव के कारण हिसार शहर के दक्षिणी छोर पर बाईपास का निर्माण कार्य शुरू करना संभव नहीं हो पाया हैं।

खाद्य प्रसंस्करण संबंधी विदेशी उद्यमों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापना किया जाना

200.**श्री नारामणि** :

चौधरी हरमोहन सिहं:

(क) क्या यह सच है कि सरकार खाद्य प्रसंस्करण संबंधी विदेशी उद्यमों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने में असफल रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) गत दो वर्षो के दौरान राज्य-वार किन – किन विदेशी खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को अनुमति दी गई हैं?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के,. पी . सिंह देव): (क) और (ख) जी नहीं । उदारीकरण के बाद अर्थात् जुलाई 1991 से दिसम्बर, 1995 तक खाद्य प्रसंस्करण के विभित्र क्षेत्रों में यूनिटों स्थापित करने के लिए अनुमोदित 3394 करोड़ रू के कल विदेशी और अनिवासी भारतीय इक्विटी निवेश में से लगभग 3000 करोड़ रू का विदेशी और अनिवासी भारतीय इक्विटी निवेश गैर – शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में स्थपित किए जाने वाले उद्यमों के लिए हैं।

(घ) हालांकि 1994-95 और 1995-96 के दौरान बड़ी संख्या मे विदेशी निवेश प्रस्तावों को मजूरी दी गई हैं, प्रत्यक्षतःया सयुक्त उद्यम में निवेश के लिए मंजूरी प्राप्त कुछ प्रमुख विदेशी खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों की सूची विवरण के रूप में संलग्न हैं।

विवरण

कुछ प्रमुख विदेशी कपंनियों के ब्यौरे जिनके खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र संबंधी प्रस्तावों को 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान मंजूरी दी गई हैं।

क्रम सं	विदेशी कंपनी का नाम	राज्य जिसमें प्रस्तावित यूनिट स्थपित की जानी हैं
1	पिल्सबरी कं. अमरीका	महाराष्ट्र
	मक्केन फूड्स लि, कनाडा	उत्तर प्रदेश / पंजाब
3	सीग्राम कं लि. कनाडा	उत्तर प्रदेश
4	देरा एग्रो टेक्रोलॉजिज ,इस्त्रायल	तमिलनाडु
5	वर्नप्रिलिप एंड कं. आस्ट्रेलिया	प्र बंगाल
6	चुपाचुप कनफैक्शनरी , हॉलैड	तमिलनाडु
7	ग्रुप डैनोन, फ्रांस	स्थान का उल्लेख नहीं है
8	व्हाइट एंड मैंके , यू.के.	उत्तर प्रदेश
9	पर्नोड रिकार्ड यू0 के	महाराष्ट्र
10	ब्राउन फोर्मेन यू.के	पंजाब
11	थाइसेन राइनस्टॉल टेक्रालाजी जर्मनी	महाराष्ट्र
12	सी .पी.सी इन्टरनेशनल , अमरीका	महाराष्ट्र
13	डोलहर जी एम बी एच जर्मनी	तमिलनाडु
14	फार्म फ्राइटस वी.वी हालैंड	पं. बंगाल
15	डल्सेम वैसिऐप बी.वी हालैंड	राजस्थान, आन्ध्र प्रदेश मध्य प्रदेश
16	फ्रैकलिन मशरूम इंक. अमरीका	पं.बंगाल आंध्र प्रदेश
17	सेफ्टी हैन्डल्स जीएम बी.एच जर्मनी	केरल, पं.बंगाल, आंध्र प्रदेश
18	एग्री सिस्टम बी.वी हालैड	आध्र प्रदेश
19	मेकन एग्री लि. उत्तरी आयरलैंड	हरियाणा. राजस्थान , गुजरात ,मध्य प्रदेश .
20	जर्लिन होल्डिंग्स,. हॉलैड	महाराष्ट्र